भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORT AUTHORITY OF INDIA
शिमलाहवाई अड्डा शिमला (हि.प्र.)
SHIMLA AIRPORT, SHIMLA (H.P.)

संख्याः भाविप्रा/शिमला/ एस-10/1483 दिनांकः 01.11.2022

## कार्य-आदेश

सेवा में,
श्री रोशन लाल
ग्राम मझयारी ,डाकघर जुब्बडहटटी,
तहसील कण्डाघाट ,जिला सोलन ( हि.प्र. )

विषयः सिविल विमानक्षेत्र शिमला पर तैनात केन्द्रीय औद्यौगिक सुरक्षा बल के लिए बैरक आवास को लीज पर लेने हेतू।

महोदय,

सिविल विमानक्षेत्र शिमला पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा विमानक्षेत्र की सुरक्षा में तैनात केन्द्रीय औद्यौगिक सुरक्षा बल के अधिकारियों / जवानों के लिए बैरक आवास को लीज पर लेने हेतु ई-निविदायें मांगी गई थी जिसके लिए आपने भी निविदा भरकर दी थी जिसे सक्षम प्राधिकारी, क्षेत्रीय मुख्यालय ,उत्तरी क्षेत्र द्वारा दो वर्ष की अवधि यानि दिनांक 01.11.2022 से 31.10.2024 तक लीज पर लेने की अनुमति प्रदान कर दी गई है जिसका दो वर्ष का कुल खर्चा रूपये 55,000/-प्रति माह X 24 माह = 13,20000/- (रूपये तेरह लाख बीस हजार मात्र ) बिजली व पानी अलग से बिलों की वास्तविकता के आधार पर होगा तथा कार्य संतोषजनक होने पर आपसी सहमती से कार्य की समयावधि को और आगे एक वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है । निविदा दस्तावेज में सामान्य शर्ते तथा सभी नियम एएआई के साथ अनुबन्ध और समझौता का हिस्सा बनेंगे ।

अतः आपको इस कार्यालय द्वारा सूचित किया जाता है कि आप द्वारा बैरक आवास में अनुलग्न- 1 के अनुसार सभी कार्य शीघ्र से शीघ्र पूर्ण करवाने होगें तथा किए कार्यो की रिपोर्ट इस कार्यालय को सौंपे ताकि आपके आवास को लीज पर लेने की अनुबन्ध प्रकिया पूरी की जा सके । उक्त कार्य के अनुबन्ध के लिए आप किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आकर अनुबन्ध की प्रकिया को पूर्ण करवा लें जिसके लिए आपको रूपये 100/- मात्र की राशी का Stamp Paper भी साथ लाना होगा ।

निदेशक विमानपत्तन
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
सिविल विमानक्षेत्र शिमला



Signature Not Verified
Digitally signed by ANIL KUMAR
Date: 2022.11.11 17:23:42 IST
Location: eProcurement System for Central PSUs